# कार्यवृत्त
## बुधवार, 09 चैत्र, शक संवत्, 1944
## ( दिनांक : 30 मार्च, 2022 )

खण्ड–62

अंक–2

विधान सभा का कार्य सभा मण्डप, देहरादून में दिन के 11:00 बजे श्री अध्यक्ष की अध्यक्षता में आरम्भ हुआ।

दिवंगत मा0 सदस्य, श्री हरबंस कपूर के निधन पर मा0 नेता सदन ने शोकोद्गार व्यक्त किये।निम्नलिखित मा0 सदस्यों ने भी शोकोद्गार व्यक्त किये :–

1. श्री यशपाल आर्य,
2. श्री प्रेम चन्द अग्रवाल, संसदीय कार्य मंत्री,
3. श्री मदन कौशिक,
4. श्री सतपाल महाराज, लोक निर्माण मंत्री,
5. श्री मुन्ना सिंह चौहान,
6. श्री गणेश जोशी, कृषि मंत्री
7. श्री मनोज तिवारी,
8. श्री अरविन्द पाण्डेय,
9. श्री खजान दास,
10. श्री प्रीतम सिंह,
11. श्री विनोद चमोली,
12. श्री प्रदीप बत्रा,
13. श्री बंशीधर भगत,
14. श्री सहदेव पुण्डीर,

श्री अध्यक्ष ने भी अपनी शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि सदन की भावनाओं को उनके शोक संतृप्त परिवार को पहुँचा दी जायेगी। तत्पश्चात सदन में दो मिनट का मौन रखा गया।

पूर्ववर्ती राज्य उत्तर प्रदेश के पूर्व मा0 सदस्य, श्री गोपाल दत्त ओझा के निधन पर संसदीय कार्य मंत्रीने शोकोद्गार व्यक्त किये।निम्नलिखित मा0 सदस्यों ने भी शोकोद्गार व्यक्त किये:–

1. श्री यशपाल आर्य,
2. श्री मदन कौशिक,
3. श्री बिशन सिंह चुफाल,
4. श्री प्रीतम सिंह,
5. श्री मुन्ना सिंह चौहान,
6. श्री मनोज तिवारी,

श्री अध्यक्ष ने भी अपनी शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि सदन की भावनाओं को उनके शोक संतृप्त परिवार को पहुँचा दी जायेगी। तत्पश्चात सदन में दो मिनट का मौन रखा गया।

मा0 संसदीय कार्य मंत्री ने आग्रह किया कि चूंकि आज सत्र का अंतिम दिन है, अतः सभी सूचनाएं ध्यानाकर्षण के लिए ले ली जाएं।

श्री अध्यक्ष ने सूचित किया कि आज नियम 300 के अन्तर्गत 23 सूचनायें प्राप्त हुई हैं।श्री अध्यक्ष ने सभी सूचनाएं ध्यानाकर्षण के लिए स्वीकार की :–

मा0 सदस्य श्री मुन्ना सिंह चौहान द्वारा आग्रह किया गया कि जो मा0 सदस्य प्रथम बार निर्वाचित हो कर आये है, उन्हें सूचना पढ़ने का मौका दिया जाय, जिसे श्री अध्यक्ष द्वारा स्वीकार किया गया। निम्नलिखित मा0 सदस्यों ने उनके नाम के सम्मुख अंकित विषयों सम्बन्धी सूचनाएं पढ़ी:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री दुर्गेश्वर लाल, | जनपद उत्तरकाशी के नौगांव, पुरोला एवं मोरी में महिला चिकित्सक नियुक्ति एवं ब्लड बैंक की स्थापना/आपदा के दौरान फसलों का समर्थन मूल्य दिलवाने/पुरोला को सुखाग्रस्त क्षेत्र घोषित किये जाने के सम्बन्ध में। |
| 2. | श्री फकीर राम टम्टा, | सामुदायिक केन्द्र, गंगोलीहाट में स्वास्थ्य सेवा सही न होने से व्याप्त असन्तोष की सूचना। |
| 3 | श्रीमती सरिता आर्य | विधान सभा क्षेत्र नैनीताल के अन्तर्गत भीषण वर्षा/अतिवृष्टि/दैवीय आपदा 2021–22के अन्तर्गत क्षतिग्रस्त हुए मोटर मार्गों के सुधारीकरण एवं डामरीकरण किये जाने के सम्बन्ध में। **(पढ़ी हुई मानी गयी)** |
| 4 | श्री प्रमोद नैनवाल, | खैरना–रानीखेत–रामनगर मोटर मार्ग राज्य मार्ग सं0–14 की स्वीकृति के सम्बन्ध में। |
| 5 | हाजी फुरकान अहमद, | पिरान कलियर, जनपद हरिद्वार में गंगनहर के पुल के क्षतिग्रस्त होने के सम्बन्ध में।**(पढ़ी हुई मानी गयी)** |
| 6 | श्री भुवन चन्द्र कापड़ी, | जनपद उधमसिंह नगर के विधान सभा क्षेत्र खटीमा में 254 लम्बित राज्य आन्दोलनकारियों को चिन्हित करने के सम्बन्ध में। |
| 7 | श्री विक्रम सिंह नेगी, | प्रतापनगर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत जाख से डोबरा पुल से लम्बगांव मोटरमार्ग का डबल लेन निर्माण एवं हाटमिक्स डामरीकरण करने के सम्बन्ध में। |
| 8 | श्रीमती ममता राकेश, | जनपद हरिद्वार में विधान सभा क्षेत्र भगवानपुर में खेलड़ी से सिकरोड़ा तक सड़क निर्माण एवं नेशनल हाईवे के अधूरे कार्यों को पूर्ण किये जाने के साथ ही प्रभावितों को मुआवजा प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में। **(पढ़ी हुई मानी गयी)** |
| 9 | श्री उमेश शर्मा काऊ, | जनपद पौड़ी गढ़वाल में विभागीय दर से अधिक दर पर निर्माण कार्य करवाये जाने के सम्बन्ध में । **(पढ़ी हुई मानी गयी)** |
| 10 | श्री खजान दास, | प्रदेश में मलिन बस्तियों के नियमितीकरण के सम्बन्ध में। |
| 11 | श्री प्रीतम सिंह पंवार, | विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत कण्डीसौड छाम आई.टी.आई. भवन के पिछले 5–6 वर्षों से निर्माण कार्य पूर्ण न होने से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में सूचना। **(श्री अध्यक्ष द्वारा नाम पुकारे जाने पर मा0 सदस्य सदन में उपस्थित नही थे)** |

| | | |
|---|---|---|
| 12 | श्री राम सिंह कैड़ा, | भीमताल विधान सभा के किसानों की फसलों के प्रीमियम की आधी धनराशि कास्तकारों को बीमा के रूप में दिये जाने के सम्बन्ध में।**(पढ़ी हुई मानी गयी)** |
| 13 | सरवत करीम अंसारी, | प्रदेश की उत्तम शुगर मिल द्वारा पेराई सत्र बन्द किये जाने के सम्बन्ध में।**(पढ़ी हुई मानी गयी)** |
| 14 | श्री किशोर उपाध्याय, | जनपद टिहरी में स्थानीय बेरोजगारों को रेत बजरी उठान की अनुमति प्रदान करने के सम्बन्ध में।**(पढ़ी हुई मानी गयी)** |
| 15 | श्री महेश जीना, | मोहान–भतरौंजखान–गैरसैंण मोटर मार्ग का सुधारीकरण व चौड़ीकरण न होने से व्याप्त असन्तोष की सूचना।**(श्री अध्यक्ष द्वारा नाम पुकारे जाने पर मा0 सदस्य सदन में उपस्थित नही थे)** |
| 16 | श्री दीवान सिंह बिष्ट, | विधान सभा क्षेत्र रामनगर के भरतपुरी, पम्पापुरी, दुर्गापुरी व कौशल्यापुरी की कालोनियों के नियमितीकरण नही होने से व्याप्त असन्तोष की सूचना।<br>**(श्री अध्यक्ष द्वारा नाम पुकारे जाने पर मा0 सदस्य सदन में उपस्थित नही थे)** |
| 17 | श्री कैलाश चन्द्र गहतोडी, | चम्पावत विधान सभा क्षेत्र में सूखीढांग–डांडा–मीनार मोटर मार्ग का डामरीकरण का कार्य अनुमानित समय सीमा पर प्रारम्भ न हो पाने से व्याप्त असन्तोष की सूचना।<br>**(श्री अध्यक्ष द्वारा नाम पुकारे जाने पर मा0 सदस्य सदन में उपस्थित नही थे)** |
| 18 | श्रीमती शैलारानी रावत, | विधान सभा क्षेत्र केदारनाथ के उखीमठ–मनसूना–रासी मोटर मार्ग का सुधारीकरण न होने से व्याप्त असन्तोष की सूचना।**(पढ़ी हुई मानी गयी)** |
| 19 | श्री सहदेव सिंह पुण्डीर, | जनपद देहरादून विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत मालडूंग जलाशय योजना के निर्माण के सम्बन्ध में।<br>**(पढ़ी हुई मानी गयी)** |
| 20 | श्रीमती सविता कपूर, | प्रेमनगर में डिग्री कालेज की स्थापना किये जाने के सम्बन्ध में।**(पढ़ी हुई मानी गयी)** |
| 21 | श्री विरेन्द्र कुमार, | मंगलौर क्षेत्र में पुलों को ठीक करवाये जाने के सम्बन्ध में। |
| 22 | डा0 मोहन सिंह बिष्ट, | लाल कुआं विधान सभा क्षेत्र में जंगली जानवरों और हाथियों द्वारा किये जा रहे नुकसान के सम्बन्ध में।<br>**(श्री अध्यक्ष द्वारा नाम पुकारे जाने पर मा0 सदस्य सदन में उपस्थित नही थे)** |
| 23 | श्री राजकुमार पोरी, | विधान सभा क्षेत्र पौड़ी में बस अड्डे के निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु धनराशि अवमुक्त करना/श्रीनगर गंगादर्शन मोड़ से पौड़ी किंकालेश्वर मन्दिर तक रोप वे निर्माण किये जाने के सम्बन्ध में। |

संसदीय कार्य मंत्री ने "भारत का संविधान" के अनुच्छेद–151 के खण्ड (2) के अधीन भारत के नियन्त्रक – महालेखापरीक्षक द्वारा प्रस्तुत उत्तराखण्ड सरकार के वर्ष 2020–21 के वित्त लेखे एवं विनियोग लेखे को सदन के पटल पर रखा।

संसदीय कार्य मंत्री ने ''भारत का संविधान'' के अनुच्छेद 243 झ (4) अनुच्छेद 243 म (2) के अन्तर्गत उत्तराखण्ड पंचम राज्य वित्त आयोग, उत्तराखण्ड (पंचायतीराज एवं स्थानीय निकायें) का प्रतिवेदन तथा आयोग की संस्तुतियों पर राज्य सरकार का कार्यवाही ज्ञापन सदन के पटल पर रखा।

संसदीय कार्य मंत्री ने उत्तराखण्ड उद्यम एकल खिड़की सुगमता एवं अनुज्ञापन अध्यादेश, 2021 सदन के पटल पर रखा।

संसदीय कार्य मंत्री ने उत्तराखण्ड अग्निशमन एवं आपात सेवा, अग्नि निवारण एवं अग्नि सुरक्षा संशोधन अध्यादेश, 2022 सदन के पटल पर रखा।

श्री अध्यक्ष ने माननीय राज्यपाल से प्राप्त संदेश उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य–संचालन नियमावली 2005 के नियम 152 (1) के अन्तर्गत पढ़कर सुनाया।

सचिव, विधान सभा ने पंचायतीराज (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2021 को उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली 2005 के नियम 152 (2) के अन्तर्गत पुनर्विचार हेतु लौटाये गये विधेयक को सदन के पटल पर रखा।

सचिव, विधान सभा ने घोषित किया कि:–

उत्तराखण्ड चारधाम देवस्थानम् प्रबन्धन (निरसन) विधेयक, 2021 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 11 दिसम्बर, 2021 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 15 दिसम्बर, 2021 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2021 का छब्बीसवां अधिनियम बन गया।

उत्तराखण्ड विनियोग (2021–22 का द्वितीय अनुपूरक) विधेयक 2021 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 11 दिसम्बर, 2021 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 15 दिसम्बर, 2021 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2021 का सत्ताईसवां अधिनियम बन गया।

उत्तराखण्ड कृषि उत्पाद मण्डी (विकास एवं विनियमन) पुनर्जीवित विधेयक 2021 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 11 दिसम्बर, 2021 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 17 दिसम्बर, 2021 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2021 का अठाईसवां अधिनियम बन गया।

सोसाईटी रजिस्ट्रीकरण ( उत्तराखण्ड संशोधन ) विधेयक, 2021 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 11 दिसम्बर, 2021 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 17 जनवरी, 2022 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2022 का प्रथम अधिनियम बन गया।

उत्तराखण्ड किरायेदारी विधेयक, 2021 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 11 दिसम्बर, 2021 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 27 जनवरी, 2022 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2022 का द्वितीय अधिनियम बन गया।

उत्तराखण्ड {(उत्तर प्रदेश) लोक सेवा (अभिकरण)} (संशोधन) विधेयक, 2021जो विधान सभा द्वारा दिनांक 11 दिसम्बर, 2021 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 28 जनवरी, 2022 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2022 का तृतीय अधिनियम बन गया।

श्री अध्यक्ष ने सूचित किया कि कार्यमंत्रणा समिति ने दिनांक 29 मार्च, 2022 की बैठक में दिनांक 30 मार्च, 2022 के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की है:–

मार्च, 2022

| | |
|---|---|
| 30 बुधवार | 1. अध्यादेशों का पटल पर रखा जाना।<br>2. माननीय राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण, चर्चा एवं पारण।<br>3. उत्तराखण्ड विनियोग (लेखानुदान) विधेयक, 2022 का पुरःस्थापन, चर्चा एवं पारण। |

संसदीय कार्य मंत्री ने प्रस्ताव किया कि यह सदन कार्य–मंत्रणा समिति की सिफारिश, जिसकी सूचना माननीय अध्यक्ष द्वारा सदन को दी गई है, से सहमत है। प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

संसदीय कार्य मंत्री ने प्रस्ताव किया कि यह सदन उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के संगत नियमों के अधीन समिति जिसमें समिति के गठन हेतु सदस्यों के निर्वाचन का प्राविधान है, यथा लोक लेखा समिति, प्राक्कलन समिति, सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम समिति तथा अनुसूचित जाति, जनजाति एवं विमुक्त जाति समिति में कार्य करने के लिए माननीय सदस्यों को नामित करने हेतु माननीय अध्यक्ष को प्राधिकृत करता है। इस प्रकार नामित सदस्य विधान सभा द्वारा विधिवत निर्वाचित समझे जायेंगे।प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ।

मा0 सदस्य, श्री प्रीतम सिंह तथा विपक्ष के अन्य मा0 सदस्यों द्वारा नियम–310 के अन्तर्गत प्रदेश में बढ़ती मंहगाई के संबंध में दी गई सूचना को लिये जाने की मांग की गई। श्री अध्यक्ष ने कहा कि नियम–310 की सूचना को वे नियम–58 में ग्राह्यता पर सुन लेंगी। इस पर मा0 सदस्य ने अपना स्थान ग्रहण किया।

श्री अध्यक्ष ने सूचित किया कि आज नियम–58 के अन्तर्गत श्रीमती ममता राकेश, फुरकान अहमद, श्रीमती अनुपमा रावत, ई0 रवि बहादुर, श्री विरेन्द्र कुमार, श्री विक्रम सिंह नेगी, श्री मनोज तिवारी, श्री हरीश सिंह धामी, श्री यशपाल आर्य, श्री आदेश सिंह चौहान, श्री गोपाल सिंह राणा, श्री भुवन चन्द्र कापड़ी, श्री प्रीतम सिंह, शहजाद, सरवत करीम अंसारी एवं श्री उमेश कुमार पत्रकार की कुल 07 सूचनायें प्राप्त हुई हैं।वे इनमें से मा0 सदस्य श्री विक्रम सिंह नेगी, श्री मनोज तिवारी, श्री हरीश सिंह धामी, श्री यशपाल आर्य, श्री आदेश सिंह चौहान, श्री गोपाल सिंह राणा, श्री भुवन चन्द्र कापड़ी, श्री उमेश कुमार पत्रकार की सूचनाओं को नियम–58 के अन्तर्गत ग्राह्यता पर सुन रही हैं।

मा0 सदस्य मौ0 शहजाद एवं सरवत करीम अंसारी उनकी सूचना को नियम–58 में ग्राह्य न किये जाने पर 'वेल' में आ कर जोर–जोर से बोलने लगे तथा विपक्ष के अन्य सदस्य भी 'वेल' में आ गये, जिससे घोर व्यवधान होने लगा।

**श्री अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 01 बजकर 36 मिनट पर भोजनावकाश के लिए 03:00 बजे तक के लिये स्थगित की।**

**सदन की कार्यवाही 03:00 बजे श्री अध्यक्ष की अध्यक्षता में पुनः आरम्भ हुई।**

जनपद टिहरी के प्रतापनगर विधान सभा क्षेत्र में निवासरत फिकवाल समुदाय को ओबीसी की केन्द्रीय सूची में सम्मिलित करने के सम्बन्ध में मा0 सदस्य श्री विक्रम सिंह नेगी ने विचार व्यक्त किये। संमाज कल्याण मंत्री को सुनने के पश्चात् श्री अध्यक्ष ने उक्त सूचना को अग्राहय किया।

राजकीय कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल किये जाने के सम्बन्ध मेंमा0 सदस्य,श्री मनोज तिवारीने विचार व्यक्त किये। संसदीय कार्य मंत्री को सुनने के पश्चात् श्री अध्यक्ष ने उक्त सूचना को अग्राहय किया।

प्रदेश में आई आपदाओं के सम्बन्ध में मा0 सदस्य,श्री हरीश सिंह धामीने विचार व्यक्त किये। संसदीय कार्य मंत्री को सुनने के पश्चात् श्री अध्यक्ष ने उक्त सूचना को अग्राहय किया।

किसानों का गेंहू क्रय करने एवं धान के मूल भुगतान करने के लिए की जा रही व्यवस्था के सम्बन्ध में मा0 सदस्य,श्री यशपाल आर्य, श्री आदेश सिंह चौहान, श्री गोपाल सिंह राणा ने विचार व्यक्त किये। खाद्य मंत्री को सुनने के पश्चात् श्री अध्यक्ष ने उक्त सूचना को अग्राहय किया।

प्रदेश में बढ़ती मंहगाईके सम्बन्ध में नियम–310 की नियम–58 में परिवर्तित सूचना के अन्तर्गत ग्राहयता के सम्बन्ध में मा0 सदस्य,श्री प्रीतम सिंह, श्री यशपाल आर्य, श्री शहजाद, श्रीमती ममता राकेश, श्री फुरकान अहमद, श्री विक्रम सिंह नेगी, श्री आदेश सिंह चौहान, श्री हरीश सिंह धामी, श्री राजेन्द्र भण्डारी, श्री सुमित हृदयेश, श्री खुशाल सिंह अधिकारी, श्री वीरेन्द्र कुमार, श्री गोपाल सिंह राणा, श्रीमती अनुपमा रावत तथा ई0 रवि बहादुरने अपने विचार व्यक्त किये। खाद्य मंत्री को सुनने के पश्चात श्री अध्यक्ष ने उक्त सूचना को अग्राह्य किया।

मा0 मंत्री के उत्तर भाषण पर विपक्ष के समस्त मा0 सदस्यों द्वारा 'वेल' में आ कर नारे बाजी करने लगे जिससे घोर व्यवधान होने लगा।

**श्री अध्यक्ष द्वारा 05:40 बजे सदन की कार्यवाही 06:00 बजे तक के लिये स्थगित की गई।**

**भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के मा0 सदस्यों ने सदन का बहिष्कार किया।**

श्री मुन्ना सिंह चौहान द्वारा निम्नलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया :–

''यह सदन माननीय राज्यपाल को उनके द्वारा दिनांक 29 मार्च, 2022 को दिए गये अभिभाषण के लिए कृतज्ञतापूर्वक धन्यवाद प्रकट करता है''

श्री विनोद चमोली, मा0 सदस्य विधान सभा ने उक्त प्रस्ताव का समर्थन किया।

मा0 सदस्य श्री विनोद कण्डारी के भाषण से उक्त प्रस्ताव पर चर्चा प्रारम्भ हुई।

निम्नलिखित मा0 सदस्यों ने भी चर्चा में भाग लिया,

1. श्री उमेश कुमार पत्रकार,
2. श्री बृजभूषण गैरोला,
3. श्री प्रेम चन्द अग्रवाल, मा0 संसदीय कार्य मंत्री के उत्तर भाषण से चर्चा समाप्त हुई।

मा0 सदस्य श्री मुन्ना सिंह चौहान द्वारा दिनांक 29 मार्च, 2022को प्रस्तुत राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित हुआ।

लेखानुदान की निम्न अनुदान की मांगे स्वीकृत हुईः–

(1) संसदीय कार्य मंत्री ने श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव किया कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या–01, विधान सभा के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये लेखानुदान की अवधि में **रूपये 311152 हजार(रूपये इकतीस करोड़ ग्यारह लाख बावन हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।**(प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।)**

(2) संसदीय कार्य मंत्री ने श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव किया कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या–03, मंत्रि–परिषद् के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये लेखानुदान की अवधि में **रूपये 328657 हजार(रूपये बत्तीस करोड़ छियासी लाख सत्तावन हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।**(प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।)**

(3) संसदीय कार्य मंत्री ने श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव किया कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या–04, न्याय प्रशासन के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये लेखानुदान की अवधि में **रूपये 1082217 हजार(रूपये एक सौ आठ करोड़ बाईस लाख सत्रह हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।**(प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।)**

(4) संसदीय कार्य मंत्री ने श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव किया कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या–05, निर्वाचन के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये लेखानुदान की अवधि में **रूपये 227288 हजार(रूपये बाईस करोड़ बहत्तर लाख अठ्ठासी हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।**(प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।)**

(5) संसदीय कार्य मंत्री ने श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव किया कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या–06, राजस्व एवं सामान्य प्रशासन के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये लेखानुदान की अवधि में **रूपये 7040903 हजार (रूपये सात सौ चार करोड़ नौ लाख तीन हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।**(प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।)**

(6) संसदीय कार्य मंत्री ने श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव किया कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या–07, वित्त, कर, नियोजन, सचिवालय तथा अन्य सेवायें के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये लेखानुदान की अवधि में **रूपये 38407603 हजार(रूपये तीन हजार आठ सौ चालीस करोड़ छिहत्तर लाख तीन हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।**(प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।)**

(7) संसदीय कार्य मंत्री ने श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव किया कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या–08, आबकारी के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये लेखानुदान की अवधि में **रूपये 134734 हजार (रूपये तेरह करोड़ सैतालीस लाख चौतीस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।**(प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।)**

(8) संसदीय कार्य मंत्री ने श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव किया कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या–09, लोक सेवा आयोग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये लेखानुदान की अवधि में **रूपये 74985 हजार (रूपये सात करोड़ उनचास लाख पचासी हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।**(प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।)**

(9) संसदीय कार्य मंत्री ने श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव किया कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या–10, पुलिस एवं जेल के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये लेखानुदान की अवधि में **रूपये 7974110 हजार (रूपये सात सौ सतानवे करोड़ इकतालीस लाख दस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।**(प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।)**

(10) संसदीय कार्य मंत्री ने श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव किया कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या–11 शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण तथा संस्कृति के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए लेखानुदान की अवधि में **रूपये 34423868 हजार (रूपय तीन हजार चार सौ बयालीस करोड़ अड़तीस लाख अड़सठ हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।**(प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।)**

(11) संसदीय कार्य मंत्री ने श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव किया कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या–12 चिकित्सा एवं परिवार कल्याण के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए लेखानुदान की अवधि में **रूपये 11261369 हजार (रूपये एक हजार एक सौ छब्बीस करोड़ तेरह लाख उनहत्तर हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।**(प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।)**

(12) संसदीय कार्य मंत्री ने श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव किया कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या–13 जलापूर्ति, आवास एवं नगर विकास के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए लेखानुदान की अवधि में **रूपये 9388013 हजार (रूपये नौ सौ अड़तीस करोड़ अस्सी लाख तेरह हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।**(प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।)**

(13) संसदीय कार्य मंत्री ने श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव किया कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या–14 सूचना के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए लेखानुदान की अवधि में **रूपये 400108 हजार (रूपये चालीस करोड़ एक लाख आठ हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।**(प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।)**

(14) संसदीय कार्य मंत्री ने श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव किया कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या–15 कल्याण योजनायें के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए लेखानुदान की अवधि में **रूपये 8012523 हजार (रूपये आठ सौ एक करोड़ पच्चीस लाख तेईस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।**(प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।)**

(15) संसदीय कार्य मंत्री ने श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव किया कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या–16 श्रम और रोजगार के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए लेखानुदान की अवधि में **रूपये 2229722 हजार (रूपये दो सौ बाईस करोड़ सतानवे लाख बाईस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।**(प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।)**

(16) संसदीय कार्य मंत्री ने श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव किया कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या–17 कृषि कर्म एवं अनुसंधान के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए लेखानुदान की अवधि में **रूपये 3824734 हजार(रूपये तीन सौ बयासी करोड़ सैंतालीस लाख चौंतीस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।**(प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।)**

(17) संसदीय कार्य मंत्री ने श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव किया कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या–18 सहकारिता के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए लेखानुदान की अवधि में **रूपये 686832 हजार (रूपये अड़सठ करोड़ अड़सठ लाख बत्तीस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।**(प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।)**

(18) संसदीय कार्य मंत्री ने श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव किया कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या–19 ग्राम्य विकास के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए लेखानुदान की अवधि में **रूपये 8902115 हजार (रूपये आठ सौ नब्बे करोड़ इक्कीस लाख पन्द्रह हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।**(प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।)**

(19) संसदीय कार्य मंत्री ने श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव किया कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या–20 सिंचाई एवं बाढ़ के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए लेखानुदान की अवधि में **रूपये 4557297 हजार (रूपये चार सौ पचपन करोड़ बहत्तर लाख सतानवे हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।**(प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।)**

(20) संसदीय कार्य मंत्री ने श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव किया कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या–21 ऊर्जा के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए लेखानुदान की अवधि में **रूपये 1692488 हजार (रूपये एक सौ उनहत्तर करोड़ चौबीस लाख अठ्ठासी हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।**(प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।)**

(21) संसदीय कार्य मंत्री ने श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव किया कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या–22 लोक निर्माण कार्य के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए लेखानुदान की अवधि में **रूपये 7982545 हजार (रूपये सात सौ अठ्ठानवे करोड़ पच्चीस लाख पैंतालीस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।**(प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।)**

(22) संसदीय कार्य मंत्री ने श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव किया कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या–23 उद्योग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए लेखानुदान की अवधि में **रूपये 1484267 हजार (रूपये एक सौ अड़तालीस करोड़ बयालीस लाख सड़सठ हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।**(प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।)**

(23) संसदीय कार्य मंत्री ने श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव किया कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या–24 परिवहन के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए लेखानुदान की अवधि में **रूपये 1234305 हजार (रूपये एक सौ तेईस करोड़ तैतालीस लाख पांच हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।**(प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।)**

(24) संसदीय कार्य मंत्री ने श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव किया कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या–25 खाद्य के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए लेखानुदान की अवधि में **रूपये 2443353 हजार (रूपये दो सौ चवालीस करोड़ तैंतीस लाख तिरपन हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।**(प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।)**

(25) संसदीय कार्य मंत्री ने श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव किया कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या–26 पर्यटन के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए लेखानुदान की अवधि में **रूपये 1206315 हजार (रूपये एक सौ बीस करोड़ तिरसठ लाख पन्द्रह हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।**(प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।)**

(26) संसदीय कार्य मंत्री ने श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव किया कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या–27 वन के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए लेखानुदान की अवधि में **रूपये 4282076 हजार (रूपये चार सौ अठ्ठाईस करोड़ बीस लाख छिहतर हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।**(प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।)**

(27) संसदीय कार्य मंत्री ने श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव किया कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या–28 पशुपालन संबंधी कार्य के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए लेखानुदान की अवधि में **रूपये 1571531 हजार (रूपये एक सौ सतावन करोड़ पन्द्रह लाख इकतीस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।**(प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।)**

(28) संसदीय कार्य मंत्री ने श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव किया कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या–29 औद्यानिक विकास के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए लेखानुदान की अवधि में **रूपये 1835912 हजार (रूपये एक सौ तिरासी करोड़ उनसठ लाख बारह हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।**(प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।)**

(29) संसदीय कार्य मंत्री ने श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव किया कि31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या–30 अनुसूचित जातियों का कल्याण के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए लेखानुदान की अवधि में **रूपये 6497023 हजार (रूपये छः सौ उन्चास करोड़ सत्तर लाख तेईस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।**(प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।)**

(30) संसदीय कार्य मंत्री ने श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव किया कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या–31 अनुसूचित जनजातियों का कल्याण के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए लेखानुदान की अवधि में **रूपये 1875737 हजार (रूपये एक सौ सतासी करोड़ सतावन लाख सैंतीस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।**(प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।)**

संसदीय कार्य मंत्री ने उत्तराखण्ड विनियोग (लेखानुदान) विधेयक, 2022 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगी, जो प्रदान की गयी।

वित्त मंत्री ने उत्तराखण्ड विनियोग (लेखानुदान) विधेयक, 2022 को पुरःस्थापित किया।

विधेयक की प्रतियां वितरित की गईं।

वित्त मंत्री ने प्रस्ताव किया कि उत्तराखण्ड विनियोग (लेखानुदान) विधेयक, 2022 पर विचार किया जाय। **प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।**

विधेयक पर खण्डशः विचार आरम्भ हुआ।

खण्ड–2 से खण्ड–3, अनुसूची तथा खण्ड–1, प्रस्तावना व शीर्षक विधेयक के अंग बने।

वित्त मंत्री ने प्रस्ताव किया कि उत्तराखण्ड विनियोग (लेखानुदान) विधेयक, 2022 पारित किया जाय। **प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।**

श्री अध्यक्ष ने सूचित किया कि आज नियम–53 के अन्तर्गत जो कुल 22 सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। चूंकि सत्र का अंतिम दिन है। अतः उन सभी सूचनाओं को वे सरकार के ध्यानाकर्षण हेतु स्वीकार कर रही हैं।

**''राष्ट्रगान'' के उपरान्त सदन का उपवेशन 07 बजकर 59 मिनट पर अनिश्चित काल के लिये स्थगित हुआ।**

मुकेश सिंघल
सचिव,
विधान सभा।

स्वीकृत,

ऋतू खण्डूड़ीभूषण
अध्यक्ष,
विधान सभा उत्तराखण्ड।

<u>नत्थी ''क''</u>

<u>कार्यमंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 29 मार्च, 2022 की बैठक में दिनांक 30 मार्च 2022 के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की हैः–</u>

मार्च, 2022

30 बुधवार

1. अध्यादेशों का पटल पर रखा जाना।

2. माननीय राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण, चर्चा एवं पारण।

3. उत्तराखण्ड विनियोग (लेखानुदान) विधेयक, 2022 का पुरःस्थापन, चर्चा एवं पारण।

उत्तराखण्ड विधान सभा

# नत्थी ष्खष

मान्नीय राज्यपाल के अभिभाषण के लिए धन्यवाद प्रस्ताव में संशोधन।

| क्र.सं. | प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|---|
| 1 | श्री प्रीतम सिंह | प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ दिया जाएः– |

''किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है :–

1. प्रदेश में रोजगार की सम्भावनाओं को बढाने के लिए उत्तराखण्ड राज्य को पर्यटन प्रदेश के रूप में विकसित किये जाने।
2. स्वच्छता अभियान के सम्बन्ध में कोई स्पष्ट नीति का निर्धारण किये जाने।
3. महिलाओं को सुरक्षित रूप से यात्रा, आधी रात में निकलने पर उन्हें कोई भय न हो इस सम्बन्ध में कोई नीति घोषित किये जाने।
4. रोजगार के अवसर बढाने के लिए कोई स्पष्ट नीति बनाये जाने।
5. विकसित राज्यों की श्रेणी में उत्तराखण्ड को खड़ा करने के लिए अवस्थापना विकास का कोई ढांचा बनाये जाने।
6. उत्तराखण्ड की राजधानी के संबंध में कोई ठोस कदम उठाये जाने तथा राजधानी सभा आधुनिकतम व्यवस्थाओं से युक्त हो इस संबंध में कोई स्पष्ट नीति घोषित किये जाने।
7. चार–धाम यात्रा पूरे वर्ष चलाने, यात्रायें सुरक्षित करने श्रद्वालुओं को सभी तरह की व्यवस्था उपलब्ध कराने और प्रदेश की आर्थिकी बढ़ाने के लिए कोई स्पष्ट नीति बनाये जाने,
8. आपदा के दौरान जो कोई क्षेत्र बर्बाद हुए थे उन्हें पुनः बसाने के संबंध में कोई समय सीमा निर्धारित किये जाने।
9. आपदा के दौरान जो गांव खाली हो चुके हैं उनके पुनर्वास के संबंध में कोई नीति बनाये जाने,

10. नदियों की सफाई, नदियों के किनारे सौन्दर्यीकरण तथा नदियों के समस्त क्षेत्रों का पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने के संबंध में कोई नीति बनाये जाने,
11. जो जल स्रोत्र सूख चुके है उनको रिचार्ज करने के लिए कोई ठोस कदम उठाये जाने,
12. पत्रकारों को आवासीय सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराये जाने के संबंध में कोई ठोस नीति बनाये जाने,
13. बी0पी0एल0 वर्ग के लोगों के लिए निःशुल्क एम0आर0आई0 तथा डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध कराये जाने,
14. विकसित राज्यों की श्रेणी में उत्तराखण्ड को खड़ा करने के लिए अवस्थापना विकास का कोई ढांचा बनाये जाने,
15. प्रदेश के नये जनपदों के गठन की कार्यवाही तत्काल किये जाने,
16. जनपद देहरादून के चकराता विधान सभा क्षेत्र के अर्न्तगत कालसी, साहिया, चकराता एवं त्यूनी के चिकित्सालयों में रिक्त पदों पर चिकित्सकों की नियुक्ति किये जाने,
17. जनपद देहरादून के चकराता विधान सभा क्षेत्र के अर्न्तगत बिन्सौण में स्वीकृत आश्रम पद्धति विद्यालय के अधूरे भवन को तत्काल पूर्ण किये जाने,
18 जनपद देहरादून के चकराता विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत त्यूनी–कथियान अधूरे का बी0एम0एच0डी0बी0सी0 से डामरीकरण किये जाने,
19. जनपद देहरादून के चकराता विधान सभा क्षेत्र के अर्न्तगत इन्टर कालेज मुन्धौल, केराड़, खरोड़ा, बिन्सौण, काण्डोई भरम, ग्यासपुल, कोरूव एवं मुन्धान के भवनों का निर्माण किये जाने,
20. जनपद देहरादून के चकराता विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत साहिया में स्वीकृत पालिटेक्निक में अन्य ट्रेड़ तत्काल प्रारम्भ किये जाने,
21. जनपद देहरादून के चकराता विधान सभा क्षेत्र के अर्न्तगत हनोल–त्यूनी, त्यूनी–आरोकोट, त्यूनी–प्लासू जलविद्युत परियोजनाओं को तत्काल प्रभाव से शुरू किये जाने,
22. जनपद देहरादून के चकराता विधान सभा क्षेत्र के अर्न्तगत ग्राम कोटी, ईच्छाडी में अस्पताल का निर्माण किये जाने तथा

23. जनपद देहरादून के चकराता विधान सभा क्षेत्र के अर्न्तगत लखवाड, पंजीटीलानी, कथियान व कुरोली में स्वीकृत आई0टी0आई0 तत्काल इसी सत्र में प्रारम्भ किये जाने।



2. मौ0 शहजाद

प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ दिया जाएः–

''किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया हैः–

जनपद हरिद्वार के लक्सर विधान सभा की सड़कों की दयनीय स्थिति के संबंध में।

3. श्रीमती ममता राकेश

प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ दिया जाएः–

''किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया हैः–

1. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में पूर्व स्वीकृत मेडिकल कालेज के निर्माण के लिए धन आवटंन किये जाने,
2. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में भगवानपुर में स्वीकृत तहसील के भवन के निमार्ण हेतु धन आवटित किये जाने,
3. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर औद्योगिक क्षेत्र में टान्सपोर्ट नगर का निर्माण किये जाने,
4. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में भगवानपुर में महिला पालिटेक्निट खोले जाने,
5. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में भगवानपुर में ग्राम वह बहलपुर में राजकीय महाविद्यालय की स्थापना किये जाने,
6. ग्राम अलावलपुर में इण्टर कालेज बनाये जाने,
7. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर औद्योगिक क्षेत्र में पानी की निकासी का स्थाई समाधान किये जाने,

8. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर ग्राम चुड़ियाला मोहनपुर में स्थापित बाबू कलीराम राकेश डिग्री कालेज में स्नातकोत्तर की कक्षाओं को संचालित किये जाने,

9. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर में सी0एच0सी0 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं चिकित्सकों की स्थाई रूप में नियुक्ति किये जाने,

10, जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में एक मिनी स्टेडियम का निर्माण किये जाने,



11. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में नवसृजित नगर पंचायत भगवापुर में कूड़ा उठाने, डस्टबीन एवं कूडा उठाने का वाहन उपलब्ध कराने जाने,
12. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में प्रत्येक गांव में गौशाला खोले जाने,
13. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में सिंग्नल समस्या को देखते हुए मोबाईल टावर लगाये जाने,
14. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा में स्व0 सुरेन्द्र राकेश आदर्श आवासीय विद्यालय का भवन निर्माण किये जाने,
15. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में प्रत्येक गांव में डाक्टर भीम राव अम्बेडकर, संत श्री रविदास और महर्षि वाल्मिकी पार्को के सौन्दर्यकरण किये जाने,
16. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में अनुसूचित जाति उपयोजना धनराशि स्वीकृत कराये जाने व उसका उपयोग अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्रों में किये जाने,
17. राज्य विधवा महिलाओं का उपचार निःशुल्क किये जाने,
18. राज्य में विधवा महिलाओं के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में आय प्रमाण की अनिवार्यता को समाप्त किये जाने,
19. राज्य में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में आय के मानक 6000 किये जाने,
20. राज्य में प्ररित्याकता योजना में अनाथ/बेसहारा बच्चे जो विस्तारित कुटुम्ब के साथ रह रहे हैं, अशक्त तथा गम्भीर रोग के ग्रसित सजायाफता माता–पिता की

सन्तान, विधवा /तलकाशुदा स्त्री, परित्यकता,कुटुम्ब द्वारा परित्यक्त महिलाओं के बालक/बालिकाओं को आर्थिक सहायता के रूप शिक्षा तथा चिकित्सा हेतु दो हजार रूप्ये प्रतिमाह में बच्चों के आय मानक समाप्त किये जाने,

21. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में प्रत्येक गांव में शमशान घाट एवं कब्रिस्तान की चाहरदीवारी तथा प्रत्येक श्मशान घाट में छतत्री व कब्रिस्तान में जनाजा कक्ष तथा पेयजल की सुविधा उपलब्ध किये जाने,



22. शमशान घाटों का सौन्दयीकरण किये जाने,
23. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में प्रत्येक गांव में एक वाटर ए0टी0एम0 लगाये जाने,
24. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा के प्रत्येक प्राथमिक उच्च प्राथमिक विद्यालय में पर्याप्त भवन, शौचालय बालक व बालिका व स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराये जाने,
25. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र के सभी क्षतिग्रस्त मार्गो का पुनर्निर्माण किये जाने,
26. प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अन्तर्गत भगवानपुर विधान सभा के 50 प्रतिशत से ज्यादा अनुसूचित जाति के ग्रामों का चयन किये जाने,
27. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले सभी गरीब परिवारों एवं किसानों का बिजली बिल माफ किये जाने,
28. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में क्षतिग्रस्त समस्त पुलिया का पुनर्निर्माण बरसात के पहले अतिशीघ्र कराये जाने,
29. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में चिकनगुनियां ,डेंगू एवं मच्छरों से निजात पाने के लिए कोई ठोस कदम उठाये जाने,
30. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में बालिका आवासीय विघालय खोले जाने तथा वर्किग वुमैन के लिए हास्टल का निर्माण कराये जाने,
31. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में योग केन्द्र खोले जाने,
32. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में ट्रैफिक जाम से निपटने के लिए कोई ठोस कदम उठाये जाने,
33. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में प्रत्येक गांव में खेल के मैदान का निर्माण कराये जाने,

34. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में अन्तर्गत तालाबों को सौन्दर्यकरण एवं चारों और रैलिंग की व्यवस्था कराये जाने,

35. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में राजकीय इण्टर कालेज छापुर शेर अफगानपुर में अध्यापकों की नियुक्ति किये जाने,



36. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में सभी गांव में सरकारी सेवाओं की तैयारियों के लिए निःशुल्क कोचिंग सेण्टरों की स्थापना किये जाने,

37. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र–छात्राओं के लिए आने–जाने हेतु उत्तराखण्ड राज्य परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्राा कराये जाने,

38. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में ओलावृष्टि एवं दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त किसानों की फसलों का मुआवजा दिये जाने,

39. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में सिंचाई हेतु नलकूपों का निर्माण एवं रिबोर किये जाने,

40. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत आन्तरिक मार्गो की मरम्मत एवं जल निकासी के लिए कोई ठोस कार्य योजना बनाये जाने,

41. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत इंजीनियरिंग एवं बी0एससी0 के अन्तर्गत जाति अनुसूचित जाति के छात्र–छात्राओं को लैपटाप उपलब्ध कराये जाने,

42. भगवानपुर ओधौगिक क्षेत्र में महिला हास्टल का निर्माण किये जाने,

44. भगवानपुर में जग जीवन क्षेत्र बाबू में आवासीय हास्टल का निर्माण किये जाने।

4. श्री यशपाल आर्य — प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ दिया जाएः–

''किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया हैः–

1- राज्य के पर्वतीय एवं मैदानी क्षेत्रों के चिकित्सालयों में स्पेशलिस्ट डाक्टरों की तैनाती किये जाने,

2- सरकारी विभागों में एस0सी0, एस0टी0 एवं ओ0बी0सी0 के पदों को बैकलाग से भरे जाने,

3- प्रदेश के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्यापकों एवं प्रवक्ताओं के सभी रिक्त पदों की तैनाती किये जाने,

4- प्रदेश के प्रत्येक जनपद में अनुसूचित जाति/जनजाति एवं निर्धन छात्र–छात्राओं हेतु हास्टल निर्मित किये जाने,

5- राजस्थान सरकार की भांति उत्तराखण्ड प्रदेश में भी पुरानी पेंशन बहाल किये जाने,



6- प्रदेश के प्रत्येक जनपद में ब्लाक स्तर पर ऐम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराये जाने,

7- प्रदेश के पुलिस कर्मियों को रू 4600/– ग्रेड पे उपलब्ध कराये जाने,

8- बाजपुर चीनी मिल का शीघ्र आधुनिकीकरण तथा इसकी सह ईकाई आसवनी में 50,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता का मल्टीपरपज ऐथेनाल प्लांट एवं विद्युत उत्पादन हेतु चीनी मिल में स्वीकृत को–जेनरेशन प्लांट स्थापित किये जाने,

9- बाजपुर नर्सिंग कालेज में शीघ्र प्रवक्ताओं एवं कर्मचारियों की नियुक्ति कर पठन–पाठन कार्य आगामी सत्र से ही प्रारम्भ किये जाने।

10- आदिम जनजाति बुक्सा के बच्चों के कल्याण के लिए स्वीकृत किये गये एक्लव्य आवासीय विघालय के भवन निर्माण हेतु आवश्यक भूमि के लिए क्षतिपूरक वृक्षारोपण एवं एन0पी0वी0 की धनराशि पर्यावरण एवं वन मंत्रालय भारत सरकार को अवमुक्त किये जाने।

5. श्री आदेश सिंह चौहान

प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ दिया जाए:–

''किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है:–

1. जसपुर में रोडवेज बस स्टैण्ड की स्थापना किये जाने,
2. जसपुर नगर पालिका का ट्रंचिग ग्राउन्ड बनाये जाने,
3. नादेही शुगर मिल का नवीनीकरण तथा एथेनाल प्लांट की स्थापना किये जाने,
4. जसपुर में पालिटेक्निक कालेज की स्थापना किये जाने,
5. नगर पालिका जसपुर में स्टेडियम तथा ग्राम करनपुर में मिनी स्टेडियन की स्थापना किये जाने,
6. ग्राम हजीरो में फीका नदी पर पुल का निर्माण किये जाने,
7. तीरथनगर डाम क्षेत्र में राजस्व ग्राम घोषित किये जाने,
8. ग्राम किशनपुर में फीका नदी का तटबन्ध और ग्राम बैतवाला व बगवाड़ा में ढेला नदी का तटबन्ध बनाये जाने,
9. जसपुर में एन0एच0 से एम0पी0 सिंह नर्सिग होम के सामने नगर की सड़क का निर्माण किये जाने,
10. जिम कार्बेट पार्क का एक आवागमन द्वारा जसपुर से पमरामपुर रेन्ज खोले जाने,

11. जसपुर में तीरथनगर मंदिर हिडिम्बा देवी मंदिर और तुमड़िया डाम का सान्दर्यीकरण किये जाने,

12. जसपुर विधान सभा क्षेत्र की जर्जर सड़कों का पुनर्निर्माण किये जाने,



13. जसपुर विधान सभा क्षेत्र में अधूरे तहसील भवन को पूर्ण किये जाने,

14. जसपुर विधान सभा क्षेत्र में उप–जिलाधिकारी भवन निर्माण किया जाय।

15. जसपुर विधान सभा क्षेत्र सरकारी स्कूलों के क्षतिग्रस्त भवनों को निर्माण किये जाने।

16. जसपुर नगर पालिका में सीवर लाईन की व्यवस्था किये जाने।

17. जसपुर नगर पालिका में पेयजल व्यवस्था को ठीक किये जाने व पेयजल व्यवस्था का द्वितीय फेज आरम्भ किये जाने तथा।

18. विधान सभा क्षेत्र जसपुर के ग्राम सीपका वासियों को उनकी कृषि भूमि पर मालिकाना हक दिये जाने।

6. श्री सुमित हृदयेश

प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ दिया जाएः–

''किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया हैः–

1. हल्द्वानी को विशिष्ट पहचान दिलाने के लिये तथा पर्यटन व रोजगार स्थापित हों इसके लिये पूर्व में स्व0 डा0 इन्दिरा ह्रदयेश जी द्वारा स्वीकृत अतंराज्यीय बस अडडे व अतंराष्ट्रीय स्तर के चिड़ियाघर का कार्य पुनः आरम्भ कराने साथ ही राष्ट्रीय, अतंराष्ट्रीय खेलों का आयोजन कराने, जिससे कि यहां की युवा प्रतिभाओं को परोक्ष व अपरोक्ष रूप से आगे बढने का मौका मिल सके तथा आयोजनों के माध्यम से रोजगार के अवसर दिये जाने,

2. स्मैक मुक्त हल्द्वानी पर युद्वस्तरीय कार्य किये जाने,

3. स्वास्थ्य के क्षेत्र में बुजुर्गों के लिए निःशुल्क जांच एवं बहुउद्देशीय कैम्प लगाये जाने।

4. नजुल नीति के क्रियान्वयन का सरलीकरण किये जाने, जिससे कि आम जनमानस को इसका लाभ मिल सके,

5. सुशीला तिवारी अस्पताल को एम्स की तर्ज पर उच्चीकृत कराने तथा अस्पताल के समीप तीमारदारों व रोगियों के लिये विश्रामालय का निर्माण कराये जाने,

6. हल्द्वानी की यातायात व्यवस्था का सुव्यवस्थित करने के लिये तथा जाम से निजात पाने के लिये धरातलीय योजना का निर्माण कराये जाने,

7. तहसील परिसर में बहुउद्देशीय भवन, जिसमें तहसील, ट्रेजरी एवं अन्य सरकारी दफ्तरों की स्थापना तथा व्यवसायिक भवन व अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण कराये जाने,



8. बाजार क्षेत्र में मातृ शक्ति एवं व्यापारियों की सुविधा के लिये अत्याधुनिक व्यवस्थाओं से सुसज्जित (हाईटैक) शौचालय एवं छोटी पार्किंगों की व्यवस्था कराये जाने,

9. बरसाती नाले से जान–माल की सुरक्षा हेतु उचित कार्य कराये जाने,

10. बेरोजगारों तथा कर्मचारियों/आउटसोर्स की लड़ाई कंधे से कंधा मिलाकर लड़ने।

11. सभी सरकारी विद्यालयों व महाविद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता के लिये विद्यालय भवनों का सुढ़ढ़ीकरण करने तथा रोजगारपरक शिक्षा प्रदान कराने महाविद्यालयों में कैम्पस इंटरव्यू के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाने,

12. दमुवाढूंगा वासियों की भूमि का नियमित कर एवं श्रमिक एवं मलिन बस्तियों– काठगोदाम, राजेन्द्र नगर, आजाद नगर का मालिकाना हक एवं इन बस्तियों में स्थित सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र तथा विद्यालयों का उच्चीकरण कराये जाने,

13. भवननिर्माण की दरों को सस्ता करने के लिए गौला से निकलने वाले खनिज की रायल्टी को न्यूनतम दर तक लाने, जिससे कि गौला से जुड़े कारोबारियों को भी व्यवसाय करने में सुविधा मिल सके।

7. श्री भुवन कापड़ी

प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ दिया जाएः–

"किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया हैः–

1. सीमांत विधान सभा में सरकारी भूमि में निवासरत लोगों की पूर्वजों द्वारा मेहनत कर बंजर भूमि को कृषि योग्य एवं आवास योग्य बनाया गया है जिससे उक्त भूमि सदुपयोग हो सकी ऐसे उक्त सरकारी भूमि पर निवासरत/कब्जा धारकों को भूमि मालिकाना हक दिये जाने,
2. पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के द्वारा पुरानी तहसील परिषद में बाबा साहब डां0भीमराव अम्बेडकर जन कल्याण समिति खटीमा को भूमि का आवंटन किया गया था जिसको बिना किसी कारण के निरस्त कर दिया गया। उक्त भूमि आवंटन पुनः बाबा साहब डां0भीमराव अम्बेडकर जन समिति कल्याण को किये जाने।
3. उत्तराखण्ड की भौगोलिक सीमाओं को अन्दर निवासरत ऐसे परिवार को जो कि उत्तराखण्ड बनाने के समय से स्थायी रूप

से निवासरत है। जो जाति प्रमाण पत्र कट आफ डेट में छूट प्रदान कर जाति प्रमाण पत्र जारी करने की व्यवस्था तत्काल प्रभावी किये जाने।



4. उत्तराखण्ड में बढती हुई महंगाई को रोकने के लिए राज्य सरकार द्वारा गैस सिलेण्डर, पेट्रोल, डीजल पर सबसिटी प्रदान की जाये जाने उत्तराखण्ड के लोगों को कम दामों पर गैस सिलेण्डर, पेट्रोल, डीजल मिल सके,
